तारीख	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
22.02.2018	वकुलाय उपस्थित। प्रकरण संख्या 23/2018 हरिसिंह बनाम नायब तहसीलदार मा0जं0 में पारित आदेश दिनांक 22.02.2018 के जरिये प्रकरण संख्या 28/2017 में पारित निर्णय दिनांक 04.01.2018 को अपास्त किये जाने के फलस्वरूप पत्रावली आज पेश हुई, जो पुनः मूल नम्बर पर दर्ज रजिस्टर की जावे। उभयपक्ष अभिभाषक ने राजीनामा प्रस्तुत किया तथा अपील को जरिये राजीनामा निस्तारित कराने का निवेदन किया। अतः माफिक राजीनामा अपील स्वीकार की जाती है तथा ग्राम ईसाली के नामान्तरकरण संख्या 511 पर नायब तहसीलदार मारवाड जंक्शन द्वारा पारित आदेश को 14.05.1993 को अपास्त किया जाता है तथा प्रकरण इन निर्देशों के साथ अधीनस्थ न्यायालय को प्रतिप्रेषित किया जाता है कि वे पक्षकारान् को समुचित सुनवाई का अवसर प्रदान करते हुए, राजीनामा आदि तथ्यों को दृष्टिगत रखते हुए विधि सम्मत निर्णय पारित करें। इस निर्णय की प्रति अधीनस्थ न्यायालय को वास्ते पालनार्थ भिजवाई जावे। पत्रावली बाद पालना फैसल में शुमार होकर नम्बर से कम हो। **अतिरिक्त जिला कलेक्टर, पाली**	